23/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत के आठ पूर्वोत्तर राज्यों के क्षेत्रीय योजना एवं विकास के लिए शीर्ष वैधानिक संस्था, उत्तर-पूर्व परिषद (NEC) ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग एक हज़ार चार सौ सत्तानबे करोड़ का व्यय दर्ज किया है। जिसमे सात सौ बानबे दशमलव एक दो करोड़ NEC की योजनाओं (SoNEC) के अंतर्गत तथा सात सौ चार दशमलव छह छह करोड़ नॉर्थ ईस्ट स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम - रोड्स (NESIDS-Roads) के तहत शामिल की गई हैं। इस वर्ष NEC का प्रदर्शन पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास की दिशा में तेज़ गति से प्रगति का संकेत देता है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने ईटानगर नगर निगम की मेयर लिखा नारी तादार की सराहना की है। उन्होंने शहर की स्वच्छता और समग्र वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मेयर एवं उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने अपने प्रशंसा पत्र में कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में नगर निगम ने स्वच्छता बनाए रखने और राज्य की हरित पहचान को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सुधार प्रभावी प्रशासन और एक स्वस्थ एवं बेहतर रहने योग्य शहर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। राज्यपाल ने सिक्किम में ब्लैक कैट डिवीजन द्वारा किए गए 'ग्रीन इनिशिएटिव्स' की एक प्रति भी साझा की और आशा व्यक्त की है कि यह दस्तावेज़ उनके कार्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार सुबनसिरी लोअर पोंडेज को एक विश्व-स्तरीय पर्वतीय एवं नदी-आधारित पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है, जिसका मुख्य फोकस ईको-टूरिज्म, एडवेंचर, संस्कृति और सतत आजीविका पर होगा। यह पोंडेज दो हज़ार मेगावाट क्षमता वाले सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का हिस्सा है, जो सुबनसिरी नदी पर भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है। परियोजना की चार इकाइयाँ चालू हो चुकी हैं, जबकि इसका पूर्ण रूप से संचालन दिसंबर 2026 तक अपेक्षित है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने प्रधानमंत्री मोदी से इस परियोजना के लिए तथा केंद्रीय मंत्रालयों से तकनीकी सहयोग की मांग की है। यह मॉडल नेपाल के फेवा लैक, थाईलैंड के काएंग क्राचन, इटली के लेक कोमो और डोलोमाइट्स क्षेत्र, तथा न्यूज़ीलैंड के मिलफोर्ड साउंड से प्रेरित है।

0000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) वर्ष 2026 की दसवीं कक्षा की परीक्षा का दूसरा चरण पंद्रह मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपने अंक सुधारना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकेंगे। बोर्ड ने इस महीने की पंद्रह तारीख को मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य छात्रों को उसी शैक्षणिक वर्ष में दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

0000000000000000000000

स्कूल शिक्षा विभाग ने आज ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर के पारे हॉल में राष्ट्रीय स्कूल खेल 2025-26 के पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि (DSE) तान्यांग तातक और विशिष्ट अतिथि न्यामो रीबा (DDSE) ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की समर्पण भावना की सराहना की।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के जिला पंचायत संसाधन केंद्र (DPRC) भवन का उद्‌घाटन बुधवार को पासीघाट में दापोरिजो विधायक एवं पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री के सलाहकार इंजिनीयर तानिया सोकी

द्वारा किया गया। इस अवसर पर DPRC को पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए क्षमता निर्माण और डेटा प्रबंधन केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण बताया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पासीघाट को पंचायती राज संस्थाओं के जन्मस्थल के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है और उन्होंने स्वर्गीय दायिंग इरिङ के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि DPRC डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देगा और ग्राम सभा के सदस्यों को सशक्त बनाएगा।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के छह जिलों पापुम पारे, ईस्ट सियाङ, लोहित, नामसाई, चाङलाङ और तिराप के येलो अलर्ट जारी किया हैं। विभाग के अनुसार इन सभी जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना हैं।

0000000000000000000000

स्पीयरकोर की स्पीयरहेड डिवीजन ने अपने नागरिक संपर्क कार्यक्रमों के तहत सियॉम, सुबनसिरी और सियांग वैली में स्वच्छता अभियान आयोजित किया, जिससे दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

“स्वच्छ परिवेश, सशक्त समुदाय” विषय के तहत इस अभियान में स्वच्छ सार्वजनिक स्थानों के महत्व पर जोर दिया गया, जो स्वास्थ्य, स्वच्छता और नागरिक गर्व को बढ़ावा देते हैं।

0000000000000000000000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई गई हैं और ये दुर्भावनापूर्ण तथा भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से बचाने के लिए निरंतर कदम उठाए हैं।

0000000000000000000000